## जनपद महोबा पुलिस द्वारा भव्य तिरंगा रैली का आयोजन।

### पुलिस अधीक्षक श्री प्रबल प्रताप सिंह ने हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया।

### देशभक्ति गीतों की गूंज, तिरंगे का जोश और सद्भावना का संदेश,

आज दिनांक- 12.08.2025 को स्वतंत्रता दिवस के दृष्टिगत राष्ट्रभक्ति और सद्भावना का संदेश देने के उद्देश्य से आज जनपद महोबा में तिरंगा रैली/यात्रा का भव्य आयोजन किया गया। इस रैली को पुलिस अधीक्षक महोबा श्री प्रबल प्रताप सिंह द्वारा रामलीला मैदान/नुमाइश ग्राउण्ड से हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया गया।

इस अवसर पर पुलिस कार्यालय, पुलिस लाइन, थाना कोतवाली नगर, यातायात पुलिस सहित महिला एवं पुरुष पुलिस अधिकारियों/कर्मचारियों की सक्रिय भागीदारी रही। रैली में देशभक्ति गीतों की धुनों के बीच प्रतिभागियों ने पूरे उत्साह और जोश के साथ सहभागिता की।

यह यात्रा सद्भावना यात्रा के रूप में निकाली गई, जिसका उद्देश्य आपसी भाईचारे और राष्ट्रीय एकता का संदेश देना था। रैली रामलीला मैदान/नुमाइश ग्राउण्ड से प्रारंभ होकर तहसील चौराहा, आल्हा चौक, ऊदल चौक होते हुए जनपद के मुख्य स्थल सुभाष चौक पर सम्पन्न हुई।

इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक श्रीमती वन्दना सिंह, क्षेत्राधिकारी नगर श्री दीपक दुबे, आरआई श्री शिवकुमार, प्रभारी निरीक्षक कोतवाली नगर श्री मनीष पाण्डेय, यातायात प्रभारी श्री सुनील कुमार सिंह सहित जनपदीय पुलिस के विभिन्न अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।











# महोबा पुलिस

प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक – 12.08.2025

मीडिया सेल, महोबा

## पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री प्रबल प्रताप सिंह द्वारा पुलिस कार्यालय महोबा में जनसुनवाई की गई, फरियादियों की समस्याओं को सुनकर निस्तारण के दिए निर्देश।

आज दिनांक- 12.08.2025 को पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री प्रबल प्रताप सिंह द्वारा जनपदवासियों को उनकी समस्याओं के निस्तारण व उनको त्वरित न्याय दिलाये जाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक कार्यालय महोबा में जनसुनवाई की गयी।

पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा जनसुनवाई को अधिक प्रभावी एवं पारदर्शी बनाते हुये पीड़ितों से एक-एक करके उनकी समस्याओं को गम्भीरता पूर्वक सुना गया है। जनसुनवाई के दौरान जो भी फरियादी अपनी शिकायत/समस्याओं के समाधान की उम्मीद के साथ पुलिस अधीक्षक महोबा के समक्ष आये थे उन सभी की समस्याओं को सुनकर उनका गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किये/कराये जाने का आश्वासन दिया गया।

पुलिस अधीक्षक द्वारा प्राप्त हुई शिकायत के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किये जाने हेतु सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए हैं।





# महोबा पुलिस

**प्रेस विज्ञप्ति**
**दिनांक – 12.08.2025**

**मीडिया सेल, महोबा**

- **पुलिस अधीक्षक महोबा के निर्देशन में जनपद के थानो की एण्टी रोमियों टीमों द्वारा चलाया गया 'मिशन शक्ति' एवं 'साइबर जागरुकता' अभियान।**
- **महिलाओं एवं बालिकाओं से वार्ता कर पंपलेट आदि के माध्यम से विभिन्न हेल्पलाइन नम्बरों, गुड टच-बैड टच एवं महिला केन्द्रित विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी दी गई।**



महिलाओं एवं बालिकाओं में सुरक्षा, सम्मान, स्वावलमंबन, सशक्तिकरण व विश्वास का वातावरण बनाने के उद्देश्य से उत्तर प्रदेश शासन द्वारा विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में आज दिनांक 12.08.2025 को मिशन शक्ति अभियान (फेज-05) के अन्तर्गत पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री प्रबल प्रताप सिंह के निर्देशन में जनपद महोबा के थाना चरखारी एवं महिला रिपोर्टिंग चौकी चरखारी की एण्टी रोमियो टीम द्वारा अपने-अपने क्षेत्र में पड़ने वाले सार्वजनिक स्थलों में जाकर वहां मौजूद बच्चियों तथा महिलाओं एवं बालिकाओं को मिशन शक्ति एवं शक्ति दीदी अभियान के अन्तर्गत जागरुक किया गया साथ ही साइबर अपराधों के बारे में भी जानकारी दी गई।





अभियान के अन्तर्गत उत्तर प्रदेश शासन द्वारा महिलाओं/बालिकाओं के लिए समर्पित विभिन्न सेवाओं/हेल्पलाईन नम्बरों (ट्वीटर सेवा, डॉयल-112, हेल्प लाइन-181, वुमेन पावर लाइन-1090, चाइल्ड हेल्प लाइन-1098, सी0एम0 हेल्पलाइन-1076, वन स्टॉप सेन्टर-181, स्वास्थ्य सेवा हेल्पलाइन-102, एंबुलेंस सेवा-108 आदि) तथा जनसुनवाई पोर्टल, स्थानीय थाने पर महिला हेल्प डेस्क आदि के सम्बन्ध में जानकारी देते हुए पंपलेट आदि के माध्यम से जागरुक किया गया तथा महिला केन्द्रित विभिन्न सरकारी योजनाओँ (निराश्रित महिला पेंशन योजना, बेटी बचाओ-बेटी पढाओ, आयुष्मान योजना, महिला शक्ति केन्द्र योजना आदि) के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी देते हुए जागरुक किया गया।

उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

**प्रेस विज्ञप्ति**
**दिनांक – 12.08.2025**

# महोबा पुलिस

**मीडिया सेल, महोबा**

## पुलिस अधीक्षक महोबा के निर्देशन में जनपदीय पुलिस द्वारा बैंकों की सुरक्षा व्यवस्था का लिया गया जायजा, सम्बन्धित को दिये गये आवश्यक दिशा-निर्देश-

आज दिनांकः- 12.08.2025 को बैंक व अन्य वित्तीय संस्थानों में सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर जनपद महोबा में पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री प्रबल प्रताप सिंह के निर्देशन में जनपदीय पुलिस के अधिकारियों एवं कर्मचारिओं द्वारा जनपद में संचालित विभिन्न बैंकों, वित्तीय संस्थानों में सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत अभियान चलाया गया जिसके क्रम में जनपद के समस्त थाना प्रभारियों द्वारा अपने-अपने क्षेत्रान्तर्गत पड़ने वाली विभिन्न बैंकों में पहुंचकर बैंको की सुरक्षा व्यवस्था को चेक किया गया व विभिन्न सुरक्षा उपकरणों की स्थिति की समीक्षा की गयी।

जनपदीय पुलिस बल द्वारा क्षेत्रअन्तर्गत संचालित विभिन्न बैंकों, वित्तीय संस्थानों में भ्रमणशील रहे, इस दौरान बैंक के अन्दर व बाहर संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग की गयी तथा अनावश्यक रूप से खड़े व्यक्तियों को पूंछताछ कर वहाँ से हटाया गया तथा बैंक के अन्दर उपस्थित भीड़ को कतारबद्ध किया गया साथ ही बैंक के अन्दर स्थित सीसीटीवी कैमरों, वार्निंग अलार्म एवं सुरक्षा सम्बन्धी उपकरणों को परखा गया एवं शाखा प्रबन्धक से सुरक्षा बिन्दुओं पर वार्ता की गयी, इस दौरान ड्यूटी में मौजूद सुरक्षा कर्मियों को सतर्कता के साथ ड्यूटी करने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए, इसके साथ ही बैंकों के बाहर खड़े व्यक्तियों से पूछताछ की गयी व उन्हे अनावश्यक रुप से न खड़े होने की हिदायत दी गयी।

इसी क्रम में पुलिस टीम ने बैंक चेकिंग के दौरान बैंक आये हुए आम जनमानस से संवाद स्थापित कर उनको धोखा-धड़ी, जालसाजी, ठगी/टप्पेबाजी से बचाव हेतु जागरूक किया गया।

## बैंक चेकिंग




@MahobaPolice

## थाना महोबकंठ की संयुक्त पुलिस टीम ने अवैध देशी शराब के साथ 02 नफर अभियुक्तों को किया गिरफ्तार-

पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री प्रबल प्रताप सिंह के निर्देशन में जनपद महोबा में अवैध शराब की बिक्री, परिवहन एवं निष्कर्षण पर प्रभावी रोक एवं ऐसे क्रियाकलापों में शामिल अभियुक्तों की चेकिंग एवं उनकी गिरफ्तारी/बरामदगी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अनुपालन में दिनांकः- 11.08.2025 को अपर पुलिस अधीक्षक, श्रीमती वन्दना सिंह व क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़ श्री अरूण कुमार सिंह के निकट पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक थाना महोबकंठ श्री विनोद कुमार द्वारा संयुक्त पुलिस टीम का गठन किया गया।

व0उ0नि0 कन्हैयालाल यादव के नेतृत्व में गठित प्रथम पुलिस टीम ने 01 नफर अभियुक्त अशोक राजपूत पुत्र स्व0 खलक सिंह राजपूत उम्र 40 वर्ष निवासी ग्राम इटौरा थाना महोबकंठ जनपद महोबा जिसके कब्जे से 01 अदद प्लास्टिक की पीपिया में 10 लीटर देशी शराब महुआ नाजायज बरामद करते हुए ग्राम महोबकंठ के पास से नियमानुसार गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर अभियुक्त उपरोक्त के विरुद्ध थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0- 125/2025 धारा 60 आबकारी अधिनियम का अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही सम्पादित की गई।

इसी क्रम में उ0नि0 फूलचन्द्र सिंह के नेतृत्व में गठित द्वितीय पुलिस टीम ने 01 नफर अभियुक्त सुनील पटेल पुत्र बृजकिशोर उम्र 42 वर्ष निवासी कस्बा व थाना महोबकंठ जनपद महोबा जिसके कब्जे से 01 अदद झोला में 20 अदद अवैध देशी शराब प्रिंस ब्राण्ड नाजायज बरामद करते हुए ग्राम महोबकंठ के पास से नियमानुसार गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर अभियुक्त उपरोक्त के विरुद्ध थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0- 126/2025 धारा 60 आबकारी अधिनियम का अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक कार्यवाही सम्पादित की गई।

### गिरफ्तार करने वाली संयुक्त पुलिस टीम-

**प्रथम पुलिस टीम-**

1.व0उ0नि0 कन्हैयालाल यादव
2.हे0कां0 विकासचन्द्र मिश्रा

**द्वितीय पुलिस टीम-**

1. उ0नि0 फूलचन्द्र सिंह
2. कां0 नितिन कुमार

### गिरफ्तार अभियुक्त-

1.अशोक राजपूत पुत्र स्व0 खलक सिंह राजपूत उम्र 40 वर्ष निवासी ग्राम इटौरा थाना महोबकंठ जनपद महोबा

2.सुनील पटेल पुत्र बृजकिशोर उम्र 42 वर्ष निवासी कस्बा व थाना महोबकंठ जनपद महोबा



उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक – 12.08.2025

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## पुलिस अधीक्षक महोबा के निर्देशन में आगामी त्योहारों को लेकर जनपद के समस्त थानों पर पीस कमेटी मीटिंग आयोजित की गयी।

आज दिनांक 12.08.2025 को पुलिस अधीक्षक महोबा श्री प्रबल प्रताप सिंह के निर्देशन में जनपद महोबा के सभी थानों में आगामी पर्व चेहल्लुम, जन्माष्टमी एवं गणेश चतुर्थी को शातिपूर्ण व सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न कराने हेतु आज पीस कमेटी की बैठकें आयोजित की गईं।

बैठकों में थानाध्यक्षों एवं पुलिस अधिकारियों ने उपस्थित आयोजकों, गणमान्य नागरिकों एवं समिति सदस्यों को उच्चाधिकारियों के आदेश-निर्देशों से अवगत कराया।

मुख्य रूप से निम्न बिंदुओं पर चर्चा व निर्देश दिए गए–

- सभी समुदायों में सामाजिक सौहार्द बनाए रखना।
- सोशल मीडिया का जिम्मेदारी से उपयोग करना।
- भ्रामक व अफवाहपूर्ण संदेशों का प्रसार न करना।
- त्योहारों में कानून-व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस को सहयोग देना।
- त्योहारों में डीजे के प्रयोग संबंधी नियमों का पालन करना।

➢ महोबा पुलिस ने स्पष्ट किया कि शांति और भाईचारा बनाए रखना सभी की जिम्मेदारी है तथा त्योहारों के अवसर पर किसी भी प्रकार की अफवाह, विवाद या नियमों का उल्लंघन बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।





उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

**प्रेस विज्ञप्ति**

**दिनांक – 12.08.2025**

# महोबा पुलिस

**मीडिया सेल, महोबा**

## थाना श्रीनगर पुलिस टीम द्वारा 02 नफर वांछित अभियुक्तों को किया गया गिरफ्तार — चोरी का सामान, अनाज और नकदी बरामद।

पुलिस अधीक्षक महोदय श्री प्रबल प्रताप सिंह के द्वारा वारंटी/वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी के संबंध में चलाए जा रहे अभियान के क्रम में तथा अपर पुलिस अधीक्षक महोदया के पर्यवेक्षण एवं श्रीमान क्षेत्राधिकारी महोदय चरखारी के कुशल नेतृत्व में, मुझ थानाध्यक्ष जयचन्द्र सिंह थाना श्रीनगर द्वारा गठित टीम-

उ0नि0 हरिभजन गौतम, का0 विकास सरोज, का0 शीलू यादव, म0का0 कामना कुशवाहा थाना श्रीनगर के द्वारा थाना श्रीनगर के मु0अ0सं0 159/25 धारा 305ए / 331 (2) बीएनएस से संबंधित 02 नफर वांछित अभियुक्तगण क्रमशः 1. सूरज यादव पुत्र हरगोविंद यादव निवासी ग्राम सलारपुर थाना श्रीनगर जनपद महोबा एवं अभियुक्ता सरोज पत्नी सूरज यादव निवासी ग्राम सलारपुर थाना श्रीनगर जनपद महोबा को मुखबिर खास की सूचना पर सलारपुर से पहले, सलारपुर बांध जाने वाली नहर तिराहा मोड़ से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे से चोरी का सामान, अनाज व नकदी बरामद।विधिक कार्यवाही पूर्ण कर अभियुक्तगण को न्यायालय पेशी हेतु भेजा गया। साथ ही अपहृता कुमारी वंदना को डाक्टरी परीक्षण एवं अन्य विधिक कार्यवाही हेतु वन स्टॉप सेंटर महोबा भेजा गया।

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम-**

1.उ0नि0 हरिभजन गौतम

2.का0 विकास सरोज

3.का0 शीलू यादव 4.म0का0 कामना कुशवाहा

**गिरफ्तार अभियुक्तों के नाम-**

1.सूरज यादव पुत्र हरगोविंद यादव 2. सरोज पत्नी सूरज यादव निवासीगण ग्राम सलारपुर थाना श्रीनगर जनपद महोबा

**बरामदगी का विवरण-**

दो बोरी में स्टील की मटका 03 अदद, स्टील की टंकी 01 अदद, कुकर 01 अदद, फाइबर प्लेट 01 अदद, कटोरी 06 अदद, चम्मच 05 अदद, छोटा डोंगा 02 अदद, शीशा गिलास 02 अदद, कांच की कटोरी 03 अदद, साड़ी (इस्तेमाल की हुई) 01 अदद, सफेद उनी साल 01 अदद, चार बोरी में चना लगभग 90 किलो, गेहूं 18 किलो एवं ₹400/- नगद।



# महोबा पुलिस